777 गैंग के सरगना सहित चार बदमाश गिरफ्तार

1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 7 जिंदा कारतूस और 2 धारदार कटार बरामद

जयपुर। जयपुर में बढ़ती गैंगवार और आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसते हुए पुलिस थाना संजय सर्किल और जिला विशेष टीम (डीएसटी) जयपुर उत्तर ने ऑपरेशन आग के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस ने 777 गैंग के सरगना सहित 4 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 7 जिंदा कारतूस और 2 धारदार कटार बरामद किए हैं।

- **1 पिस्टल, 1 देशी कट्टा, 7 जिंदा कारतूस और 2 धारदार कटार बरामद**
- **हत्या की साजिश के दौरान दबोचे गए गैंगस्टर**

पुलिस थाना संजय सर्किल और जिला विशेष टीम जयपुर उत्तर ने ऑपरेशन आग के तहत बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 777 गैंग के सरगना सहित 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पुलिस उपायुक्त राशि डूडी डोगरा ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत पुलिस थाना संजय सर्किल और (डीएसटी) जयपुर उत्तर ने कार्रवाई करते हुए आरोपी वसीम अहमद उर्फ मोटा (36) शास्त्री नगर, मोहम्मद शाहरुख उर्फ चम्मच (32) शास्त्री नगर, मोहम्मद शाहरुख मर्लंग (27) सांगानेर एवं फिरोज खान उर्फ सद्दाम (35) दौसा को गिरफ्तार किया है।

जयपुर में पिछले 6-7 महीनों से मुजम्मिल गैंग और वसीम मोटा गैंग के बीच वर्चस्व को लेकर संघर्ष चल रहा था। दोनों गुट व्यापारियों, क्लब मालिकों और सटोरियों से रंगदारी वसूलने के लिए आपसी टकराव में थे। इस दौरान एक-दूसरे की गाड़ियों को जलाने, हमले करने और इलाके में दहशत फैलाने की कई वारदातें हो चुकी थीं।

उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि वसीम मोटा गैंग के कुछ सदस्य हथियारों के साथ विरोधी गुट के लोगों की हत्या की योजना बना रहे हैं।

इस सूचना पर पुलिस ने छापेमारी कर वसीम मोटा, मोहम्मद शाहरुख उर्फ चम्मच, मोहम्मद शाहरुख मर्लंग और फिरोज खान उर्फ सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया।। गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि उन्होंने 777 नाम से गैंग बना रखी थी, जिसमें सिर्फ इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क किया जाता था। इस गैंग के करीब 18-20 सदस्य हैं, जो शहर में अलग-अलग जगहों पर रहते हैं और फायरिंग, जबरन वसूली, गैंगवार और दहशत फैलाने जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। पुलिस के अनुसार, दोनों गुटों के कई सदस्य पहले भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं, लेकिन ये गैंग दोबारा संगठित होकर अपराध करने लगे थे। पुलिस अब गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ कर उनके अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

पुलिस उपायुक्त राशि डूडी डोगरा ने स्पष्ट किया कि जयपुर में गैंगस्टर गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधियों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और जयपुर शहर को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है।

सुदेश भोसले ने बहाई भक्ति रस की गंगा

जयपुर। बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर सुदेश भोसले ने नवकार मंत्र, हे राम हे राम.., अच्युतम केशवम राम नारायणम... सहित जब अपनी सुमधुर वाणी से भजनों को सुनाना शुरू किया तो सभी भक्त और श्रोतागण भक्ति रस में झूमने को मजबूर हो गए।

मौका था अपेक्स ग्रुप व संजय शिक्षा समिति के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. सागरमल जूनीवाल की सातवीं पुण्यतिथि पर अपेक्स यूनिवर्सिटी की ओर से मानसरोवर स्थित अपेक्स कैम्पस में आयोजित भजन संध्या ''एक स्मृति'' का।

तयशुदा कार्यक्रम में शामिल होने आये मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर सुदेश भोसले ने अपनी स्वर लहरी से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने दुनिया से जाने वाले... को सुनाकर श्रद्धांजलि देते हुए भक्ति संगीत की सरिता बहायी।

गजेन्द्र सिंह शेखावत ने डॉ. सुषमा महाजन के चित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

जयपुर। कला ईश्वर की साधना करने और उसे प्राप्त करने का एक माध्यम है। यह कलाकार के भीतर से स्वत: ही प्रकट होता है।

डॉ. सुषमा महाजन के चित्रों में यह भाव स्पष्ट रूप से जाहिर होता है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को हीलिंग स्ट्रोक्स चित्र प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही।

- **'ऐसी परिपूर्ण चित्रकारी कलाकार द्वारा केवल ब्रश और रंगों से खेलना नहीं, बल्कि स्वयं को जीने जैसा है'**

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शनिवार को डॉ. सुषमा महाजन की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

शेखावत ने जयपुर शहर की वरिष्ठ चिकित्सक एवं चित्रकार डॉ. महाजन द्वारा बनाए चित्रों की ताज आमेर होटल में प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान कहा कि ऐसी परिपूर्ण चित्रकारी कलाकार द्वारा केवल ब्रश और रंगों से खेलना नहीं, बल्कि स्वयं को जीने जैसा है।

उन्होंने बताया कि डॉ. महाजन ने कोविड महामारी के दौर में आपाधापी के बीच जीवन का अर्थ पाने के लिए चित्र बनाना शुरू किया। उन्होंने अपने चित्रों के ज़रिए न केवल स्वयं का, अपितु दर्शकों का भी जीने का नजरिया बदलने की असाधारण उपलब्धि हासिल की है। चिकित्सा पेशे (मेडिकेशन) से चित्रकारी के जरिए अपने आप को समझने (मेडिटेशन) तक की यह यात्रा असाधारण रूप से सफल है।

शेखावत के अनुसार, डॉ. महाजन ने जो कला संसार रचा है, वह दर्शक के मन को तृप्त करने वाला है। इनका एक एक चित्र आकर्षक है, जो उनके अंतर्मन से प्राकृतिक रूप से उभरा है। ईश्वर की कृपा से ही एक कलाकार के भाव बाहर आते हैं और एक कृति बनती है।

चित्रकार डॉ. महाजन ने अपनी कला यात्रा के बारे में बताया कि मानव जीवन के लिए मुश्किल दौर में अपने अंतर्मन की शांति के लिए मैने चित्र बनाना शुरू किया।

उन्होंने कहा कि कला व्यक्ति को सुकून देती है। मेरा अनुभव है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जीवन में आनंद की प्राप्ति के लिए सभी को अपनी प्रतिभा अभिव्यक्त करना चाहिए। इससे आप दूसरे को भी सुकून दे पाएंगे।

ताज आमेर के जनरल मैनेजर देवराज सिंह ने कला प्रदर्शनी का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए कहा कि डॉ. महाजन की कला की खासियत यह है कि इनकी कोई विशिष्ट शैली नहीं है। वह अपने आप में कई शैलियों का संग्रह हैं।

विश्व जल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में शनिवार को पंत कृषि भवन विश्व जल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया।

जयपुर। ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राज्य मंत्री ओटाराम देवासी की अध्यक्षता में आज पंत कृषि भवन, जयपुर में विश्व जल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ओटाराम देवासी ने कहा, ''जल ही जीवन है, और हमें इसे संरक्षित करने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत है, और जनता की भागीदारी से इस अभियान को और अधिक मजबूत किया जाएगा।''

जल संरक्षण के महत्व पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात वर्षा जल संचयन और जल प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों पर एक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन हुआ, साथ ही द्वारा एक प्रस्तुति प्रदर्शित की गई, जिसमें पानी से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। सभी प्रतिभागियों ने जल बचाने और इसके विवेकपूर्ण उपयोग की शपथ ली।

कार्यक्रम के दौरान आई.टी.सी. संस्थान के साथ जल संरक्षण और सतत विकास के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। साथ ही, मिशन ज्ञान के साथ जल संरक्षण और जागरूकता अभियान को लेकर एक अन्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिभागियों के पंजीकरण से हुई। इसके बाद राज्य मंत्री, पंचायती राज, ओटाराम देवासी एवं शासन सचिव, पंचायती राज, डॉ जोगाराम का स्वागत जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग, निदेशक एवं संयुक्त सचिव, मुहम्मद जुनैद द्वारा किया गया।

विजयदान देथा साहित्य उत्सव

जयपुर। राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा नित नए प्रयास किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में जयपुर के जवाहर कला केंद्र में तीन दिवसीय विजयदान देथा साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान सरकार की बजट (2024-25) घोषणा के आलोक में जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित विजयदान देथा साहित्य उत्सव का शनिवार को दूसरा दिन रहा। प्रभातकालीन संगीत सभा के साथ दिन की शुरुआत हुई।

साहित्यिक सत्रों में राजस्थानी भाषा के इतिहास, साहित्य और महिला साहित्यकारों की भूमिका पर चर्चा के साथ हुई। इसके अलावा साहित्यकारों ने राजस्थानी भाषा के सम्मान पर बात की,लोक वार्ता में राजस्थान के ऐतिहासिक योगदानों पर बात हुई,आखिर में कवि सम्मेलन में प्रसिद्ध राजस्थानी कवियों ने काव्य पाठ किया। गौरतलब है कि तीन दिवसीय महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को प्रभातकालीन सभा में तुषार शर्मा गायन प्रस्तुति देंगे। प्रात: 10 बजे से नृसिंह राजपुरोहित सत्र में मनोहर सिंह राठौड़,दिनेश पांचाल,शिवराज भारतीय विचार रखेंगे,विजय जोशी समन्वयक रहेंगे। प्रात: 11:45 बजे ओम पुरोहित कागद सत्र में मदन गोपाल लढ़ा,रवि पुरोहित,घनश्याम नाथ कच्छावा चर्चा करेंगे,मोनिका गौड़ समन्वयक रहेंगी।

दहशत फैलाने वाले बदमाश गिरफ्तार

महेश नगर में जन्मदिन मनाने के दौरान गाड़ियों में तोड़फोड़ और मारपीट कर दहशत फैलाने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जयपुर । महेश नगर में जन्मदिन मनाने के दौरान गाड़ियों में तोड़फोड़ और मारपीट कर दहशत फैलाने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद दो बदमाशों की घटनास्थल के पास परेड निकाली गई। पुलिस मामले में पहले भी कुछ बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनन्द ने बताया कि महेश नगर ने कार्रवाई करते हुए जन्मदिन मनाने के दौरान गाड़ियों में तोड़फोड़ और मारपीट कर दहशत फैलाने वालेरवि कुमार शर्मा उर्फ रवि पंडित (25) निवासी मानसरोवर जयपुर और मुकेश चौधरी उर्फ मुकेश सामौता (31) निवासी हीरापुरा करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में प्रमोद मण्डार ने मामला दर्ज करवाया था कि रवि शर्मा, मुकेश सामोता ने मारपीट कर गाड़ियों के शीशे तोड़कर पिस्टल दिखाकर मारने की धमकी दी थी। इस पर महेश नगर थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए।

विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन में विभिन्न शहरों से 100 कारें शामिल

जयपुर। राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब जयपुर द्वारा प्रस्तुत 26वीं विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव का 22 मार्च को ताज जय महल पैलेस में भव्य उद्घाटन हुआ। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मुख्य अतिथि के रुप में कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसके बाद उन्होंने विंटेज कार में बैठकर एग्जीबिशन का अवलोकन भी किया।

- **'यह आयोजन न केवल राजस्थान की समृद्ध ऑटोमोबाइल धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह हमारे राज्य और देश के पर्यटन को भी एक नई दिशा देने का कार्य करता है'**

उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने शनिवार को विंटेज और क्लासिक कार एग्जीबिशन एंड ड्राइव का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन न केवल राजस्थान की समृद्ध ऑटोमोबाइल धरोहर को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह हमारे राज्य और देश के पर्यटन को भी एक नई दिशा देने का कार्य करता है। जयपुर और राजस्थान हमेशा से ऑटोमोटिव इतिहास और संस्कृति के केंद्र रहे हैं, उनके संरक्षण के लिए और अधिक काम करने की जरूरत है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी परंपरा और विरासत को अधिक मजबूती देंगे।

इस अवसर पर राजपूताना ऑटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब (आरएएससीसी) के संस्थापक अध्यक्ष, दयानिधि कासलीवाल; आरएएससीसी के उपाध्यक्ष, सुधीर कासलीवाल, आरएएससीसी के सचिव, अविजित सिंह बदनौर, डिप्टी डायरेक्टर, पर्यटन विभाग, उपेंद्र सिंह शेखावत सहित देश भर से कार पारखी, पर्यटक और शहर के कई जाने-माने लोग उपस्थित रहे। बाद में दिन के दौरान आईएएस, प्रमुख सचिव पर्यटन, रवि जैन ने भी एग्जीबिशन का अवलोकन किया। इस इवेंट में भाग लेने वाली कुछ अनूठी कारों में 1913 फोर्ड मॉडल टी (ओनर: मीत बधलिया), 1919 सिट्रोन रोडस्टर, (ओनर: शगुफ्ता खान, नई दिल्ली), 1930 कॉर्ड 29 कैब्रियोलेट, 1950 रिले कूप (ओनर: गौतम हरि सिंघानिया),1923 ऑस्टिन चम्मी (मालिक: घनी ऑटोज) और जयपुर कलेक्टर्स के कलेक्शंस - कमल एंड कंपनी, जेम पैलेस, घनी ऑटोज़, लक्ष्मी रमन जी, अविजित सिंह बदनौर आदि शामिल हैं।

रविवार को सुबह 11.30 बजे ताज जय महल पैलेस से जनरल मैनेजर-रामबाग पैलेस और एरिया डायरेक्टर-ऑपरेशन्स ताज होटल्स, अशोक एस. राठौड़ और जनरल मैनेजर, जय महल पैलेस, जयपुर, वर्धमान एस. राठौड़ द्वारा इस ड्राइव को हरी झंडी दिखाई जाएगी। लोगों को देखने और आनंद लेने के लिए कारें जयपुर की सड़कों पर चलाई जाएंगी। इसका रूट गवर्नमेंट हॉस्टल, एमआई रोड, पांच बत्ती, स्टेच्यू सर्कल, अंबेडकर सर्कल, जनपथ टर्न से चोम्मू सर्कल होगा और अंत में ड्राइव प्रतिभागियों के लंच के लिए ताज जय महल पैलेस में वापसी करेगी।

जिसके बाद, दोपहर 3.30 बजे पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित होगा, जिसमें जयपुर ग्रामीण, सांसद, राव राजेंद्र सिंह द्वारा पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

सार-समाचार

मूट प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग और पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया, जयपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में ''मूट प्रेस कॉन्फ्रेंस'' का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस का विषय ''पीआर इन द डिजिटल एरा: द नीड फॉर स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशन इन अ कनेक्टेड वर्ल्ड'' था। कार्यक्रम का शुभारंभ आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी), जयपुर के वाइस चांसलर प्रो. टी.एन. माथुर, एडवाइजर के.एस. शर्मा और सम्मानित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ जनसंपर्क विशेषज्ञ एवं राजस्थान सरकार के पूर्व जनसंपर्क अतिरिक्त निदेशक गोविंद पारीक ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। उन्होंने डिजिटल मीडिया के दौर में जनसंपर्क की बदलती रणनीतियों और इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। पैनल चर्चा में पीपल्स मीडिया एंड थिएटर के अध्यक्ष अशोक राही, एडफैक्टर्स पीआर के ग्रुप हेड नितिन जागड़, डीआईपीआर जयपुर की असिस्टेंट डायरेक्टर कविता जोशी और फ्यूजन ग्रुप के फाउंडर एवं डायरेक्टर योगेश मिश्रा ने भाग लिया। पैनल चर्चा में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर जनसंपर्क की भूमिका, रणनीतिक संवाद और नई मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर विचार साझा किए गए।

बाइकों की टक्कर के बाद निकाली तलवार

जयपुर। कोतवाली थाना इलाके में शनिवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर के बाद एक पक्ष ने तलवार निकाल ली। इसके बाद दो पक्ष आमने-सामने हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। दोनों पक्षों को समझाया गया। इसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्ष के लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। फिलहाल कोई एफआईआर दर्ज नहीं करवाई गई है। एतिहाल के तौर मौके पर पुलिस बल तैनात है। घटना कोतवाली थाना इलाके में दर्जियों का मोहल्ला खजाने वाले की गली की है। स्थानीय दुकानदार हेमंत विजय ने बताया कि उनकी दुकान के सामने दो बाइकों की भिड़ंत हुई। बाइक सवार दोनों युवक झगड़ा करने लगे। इसी दौरान एक युवक कुछ दूर गया। फिर तलवार लेकर भागता हुआ आया। इस के बाद माहौल खराब हो गया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। तलवार लहराने की बात से लोगों में गुस्सा था। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्ष को समझाया। इस के बाद भीड़ इधर-उधर हो गई। तलवार लहराने वाले युवक ने भी मौके पर माफी मांगी। इसके बाद मामला शांत हुआ। पुलिस अधिकारियों ने बताया- दोनों पक्ष के लोगों को थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। वहीं, अगर कोई रिपोर्ट देगा तो एफआईआर दर्ज की जाएगा।

स्कॉर्पियो कार ने युवती को मारी टक्कर

जयपुर। हरमाड़ा थाना इलाके में शुक्रवार देर रात एक स्कॉर्पियो कार ने युवती को टक्कर मार दी। युवती करीब बीस फीट उछलकर सड़क पर गिर गई। घटना श्रीराम धर्म कांटा के पास हुई। इसके बाद निजी वाहनों की मदद से युवती को एसएमएस ट्रोमा सेंटर में भर्ती करवाया गया है। युवती की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस ने कार ड्राइवर को पकड़ लिया है। पुलिस ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है। पुलिस ने पीड़ित परिवार से सम्पर्क किया, लेकिन उन्होंने रिपोर्ट इलाज के बाद कराने की बात कही है। युवती की पहचान इंदू शर्मा के रूप में हुई है। जो की इलाके में ही रहती हैं। इंदू शर्मा के परिजनों के सम्पर्क में पुलिस में हैं। पीड़ित परिवार जब शिकायत देगा उस के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगा।

स्मैक की तस्करी करने वाला तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले एक तस्कर को पकडा है और उसके पास से 8.25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक भी जब्त की है। फिलहाल आरोपित तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले शातिर तस्कर फरमाना उर्फ शूटर निवासी भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से 8.25 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।

अलजारिया और बिल्डस कैफे पर पुलिस का छापा, हुक्का पार्टी करते मिले युवक

जयपुर। राजधानी जयपुर में मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध हुक्का बार पर शिकंजा कसते हुए दो कैफे पर छापा मारा है। पुलिस ने मालवीय नगर स्थित अलजारिया कैफे और बिल्डस कैफे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हुक्का और तंबाकूयुक्त फ्लेवर जब्त किए। साथ ही दो कैफे मैनेजरों को पकडा है। डीसीपी (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालवीय नगर थाना इलाके में गठित विशेष टीम ने इन अवैध गतिविधियों पर नज़र रखते हुए यह कार्रवाई की। अलजारिया कैफे में पुलिस को हुक्का और तंबाकूयुक्त फ्लेवर चिलम के साथ युवक धुएं के छल्ले उड़ाते मिले। मौके पर मौजूद कैफे मैनेजर अनुभव सिंह के पास लाइसेंस नहीं था। जिसके चलते पुलिस ने हुक्का, पाइप, चिलम और फ्लेवर जब्त कर लिए। साथ ही हुक्का पी रहे युवक पर कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4/6 के तहत जुर्माना लगाया गया। इसी तरह बिल्डस कैफे में भी छापेमारी के दौरान पुलिस को हुक्का पार्टी चलती मिली। कैफे मैनेजर अभिषेक मीणा के पास भी आवश्यक लाइसेंस नहीं था। पुलिस ने वहां से भी हुक्का, पाइप, चिलम और फ्लेवर जब्त कर लिए और हुक्का पी रहे युवक पर कोटपा अधिनियम की धारा 4/8 के तहत जुर्माना लगाया।

सराफ ने किया लैब का उद्घाटन

जयपुर। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष से प्रदत्त राशि 10 लाख रुपये की लागत से 10 कंप्युटर राजकीय महाविद्यालय जयपुर की लैब में दिए जिसका आज लोकार्पण किया गया। सराफ ने विद्यार्थियों की मांग एवं वर्तमान भवन में हो रही असुविधा को देखते हुए महाविद्यालय को नये भवन में शिफ्ट करने का आश्वासन दिया। प्रिंसिपल स्निग्धा शर्मा की मांग पर महाविद्यालय में कंप्युटर लैब के लिए सराफ ने विधायक कोष से और 10 लाख रुपये कंप्यूटर के लिए देने की घोषणा की है। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ की ओर से सराफ का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

एमए परीक्षा 24 मार्च से

जयपुर। जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय की एमए के प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा 24 मार्च से शुरू होगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंभु कुमार झा ने बताया कि शनिवार को कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने परीक्षा केंद्राधीक्षक और अधिकारियों के साथ बैठक ली। उन्होंने बताया कि परीक्षा केवल विश्वविद्यालय परिसर में ही आयोजित होगी, जो 24 मार्च से 28 मार्च तक दो पारियों में चलेगी। प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से ऑनलाइन डाउनलोड किए जा सकते हैं।